भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 67
उत्तर देने की तारीख 04 दिसंबर, 2023
सोमवार, 13 अग्रहायण, 1945 (शक)

प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रोजगार

67. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी: श्री सुदर्शन भगत:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कुशल व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में सफल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और विगत आठ वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई लाभार्थियों की संख्या कितनी है जिन्होंने अपना कौशल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद रोजगार प्राप्त किया है;

(ग) विभिन्न क्षेत्रों में नियोजित पीएमकेवीवाई लाभार्थियों की औसत आय के स्तर का ब्योरा क्या है और समय के साथ आय वृद्धि संबंधी क्या आंकड़ा है; और

(घ) पीएमकेवीवाई के उन लाभार्थियों का ब्योरा क्या है जो स्व-नियोजित हो गए हैं या अपना स्वयं का उद्यमशीलता उद्यम शुरू कर दिया है?

उत्तर

कौशल विकास और उदयमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार के अधीन, स्किल इंडिया मिशन (सिम) का उद्देश्य कौशलीकरण, पुनर्कौशलीकरण और कौशलोन्नयन करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी भारतीय युवा बड़ी संख्या में आने वाले अवसरों के लिए तैयार हों, क्योंकि अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है और भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), कुशल भारत मिशन (सिम) के तहत, देश के भारतीय युवाओं को बेहतर अवसर के लिए नियोजनीय बनाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कार्यान्वित कर रहा है। पीएमकेवीवाई के तहत, अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन और पुनकौशलीकरण में पहले से मौजूद कौशल के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शामिल है।

(ख) पिछले आठ वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के तहत नियोजित उम्मीदवारों का क्षेत्र-वार और जॉब रोल-वार विवरण अनुबंध I में दिया गया है।. चूंकि उपरोक्त अनुबंध-I में विवरण बहुत लंबा है, इसलिए इसे मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/lok-sabha पर अपलोड किया गया है।

(ग) समय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त पीएमकेवीवाई लाभार्थियों के औसत आय स्तर का विवरण अनुबंध- II में दिया गया है।

(घ) दिनांक 31.10.2023 तक, 2,94,855 उम्मीदवारों ने पीएमकेवीवाई के तहत स्व-रोजगार प्राप्त कर लिया है या अपना उद्यमशीलता उद्यम शुरू कर दिया है।

अनुबंध-II

दिनांक 04.12.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

समय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पीएमकेवीवाई लाभार्थियों के औसत आय स्तर का विवरण।

(निधि रुपए में)

क्षेत्र का नाम	वित्त-वर्ष-16-17	वित्त-वर्ष-17-18	वित्त-वर्ष-18-19	वित्त-वर्ष-19-20	वित्त-वर्ष-20-21	वित्त-वर्ष-21-22	वित्त-वर्ष-22-23
एयरोस्पेस और विमानन				10,050	9,021	7,959	9,361
कृषि		6,729	7,464	8,337	9,858	9,111	7,717
परिधान	4,844	6,737	7,530	8,031	8,295	8,478	8,948
ऑटोमोटिव		7,501	8,456	8,695	8,629	8,756	9,793
सौंदर्य एवं कल्याण	7,968	6,193	7,045	7,701	8,223	8,016	7,773
बीएफएसआई		8,090	8,396	9,270	10,504	7,269	7,179
पूंजीगत माल		8,454	9,249	9,298	9,517	9,564	9,599
निर्माण		7,957	8,495	8,847	8,711	8,872	9,883
घरेलू श्रमिक		7,031	7,222	7,755	8,976	9,258	9,581
इलेक्ट्रानिक्स	10,012	7,509	8,252	8,838	9,105	8,841	8,760
खाद्य प्रसंस्करण		6,801	7,246	8,171	9,871	9,842	9,334
फर्नीचर फिटिंग		7,614	7,679	7,442	8,060	9,974	
रत्न एवं आभूषण		7,522	8,171	7,715	8,286	18,298	
हरित नौकरियाँ		8,394	8,567	9,049	9,247	9,615	10,495
हस्तशिल्प और कालीन		6,077	5,343	7,086	8,656	8,668	8,488
स्वास्थ्य देखभाल	4,667	7,391	7,887	8,359	9,290	8,868	7,611
हाइड्रोकार्बन				9,553		14,308	9,460
बुनियादी ढांचा उपकरण		8,707	8,441	7,714	10,704		
लोहा और इस्पात		8,436	8,751	8,957	8,800	8,908	8,566
आईटी आईटीईएस	13,067	7,678	8,240	8,597	9,071	8,661	8,918
चमड़ा		6,432	7,462	7,876	9,108	9,240	8,227
जीवन विज्ञान		9,525	8,672	8,742	9,447	9,428	10,552
रसद	9,957	8,325	8,714	9,082	9,243	8,996	10,636
प्रबंध	11,258	10,009	9,127	9,563	10,680	9,137	9,589
मीडिया एवं मनोरंजन		7,223	8,277	8,417	9,172	9,378	9,394
खुदाई		9,052	9,257	9,888	11,506		
पाइपलाइन		8,365	7,889	8,779	9,536	8,930	10,011
विद्युत		7,451	8,552	9,258	9,446	9,075	9,644
लोक निर्माण विभाग		7,632	8,139	7,770	8,135	8,540	
खुदरा	7,352	7,578	8,128	8,641	8,918	8,546	9,114
रबड़		6,882	5,067	7,172	8,338	9,977	10,730
खेल		4,765	8,052	7,106	7,497	8,000	
दूरसंचार	6,691	7,315	7,953	8,374	8,655	8,473	10,285
कपड़ा		9,393	9,203	6,513	7,245	11,592	5,071
पर्यटन एवं आतिथ्य	5,829	7,410	8,165	8,402	8,831	8,749	10,109

*****